## एक दिवसीय कार्यशाला का हुआ आयोजन



**निवाली।** शासकीय महाविद्यालय में डिजिटल युग में तेजी से बढ़ती तकनीक के साथ आमजन को डिजिटल रूप से सक्षम बनाने के उद्देश्य से स्वामी विवेकानंद कॅरियर मार्गदर्शन एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वावधान में डिजिटल साक्षरता अभियान के तहत एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य लोगों को डिजिटल साधनों के सुरक्षित एवं प्रभावी उपयोग के प्रति जागरूक करना था। कार्यशाला का शुभारंभ अतिथियों द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन के साथ किया गया। प्रभारी प्राचार्य डॉ पीसी किराड़े ने बताया कि आज के समय में डिजिटल साक्षरता केवल सुविधा नहीं बल्कि आवश्यकता बन चुकी है। आईक्यूएसी प्रभारी डॉ चांदनी गोले ने कार्यशाला के दौरान विद्यार्थियों को स्मार्टफोन एवं कंप्यूटर के सम्बंध में जानकारी दी। साथ ही साइबर अपराध, फर्जी कॉल, ओटीपी धोखाधड़ी, फिशिंग और सोशल मीडिया पर सतर्कता से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां भी सांझा की। कार्यशाला के समापन अवसर पर आयोजकों ने कहा कि इस तरह के कार्यक्रम समाज को आत्मनिर्भर और सशक्त बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। डिजिटल साक्षरता से न केवल समय और धन की बचत होती है, बल्कि पारदर्शिता भी बढ़ती है।

# भगोरिया हाट में सीएम के शामिल होने की संभावना

## नगर हेलीपेड एवं सभा स्थल के लिए किया निरीक्षण





**निवाली, ( नवभारत )।** भंगोरिया हाट में मुख्यमंत्री के संभावित दौरे को लेकर जिला कलेक्टर जयति सिंह सहित क्षेत्रीय विधायक श्याम बर्डे व जनप्रतिनिधियों ने सभा स्थल सहित अन्य जगहों का निरीक्षण किया। ज्ञात हो कि 2 मार्च को निवाली में भंगोरिया हाट है।

उक्त भंगोरिया हाट में मुख्यमंत्री के दौरे को संभावित माना जा रहा है क्षेत्रीय विधायक श्याम बरडे ने बताया कि उन्होंने मुख्यमंत्री को क्षेत्रीय संस्कृति व भंगोरिया हाट में भाग लेने के लिए आमंत्रित किया है जिसके चलते जिला कलेक्टर व हमारे द्वारा सभा स्थल व हेलीपेड की जगहों को देखा है। कार्यक्रम की बात करे तो तय संभावित हेलीपेड खेतिया रोड़ खेल परिसर व सभा स्थल के लिए पलसूद रोड़ पर निजी खेत को देखा है हेलीपेड से सभा स्थल तक आने का मार्ग सेंधवा खेतिया स्टेट हाईवे का मुख्य मार्ग है। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर जयति सिंह, पानसेमल एसडीएम रमेश सिसोदिया, निवाली तहसीलदार कार्तिक मौर्य, निवाली सीएमओ रूपसिंह सोलंकी, निवाली थाना प्रभारी आरके लौवंशी, नप अध्यक्ष प्रतिनिधि नरेंद्र सिसोदिया, मंडल अध्यक्ष श्याम पंडित, अखिलेश सोनी, कन्हैया धनगर, नन्दकिशोर शर्मा, संतोष राठौड़ सहित अन्य जनप्रतिनिधि व प्रशासनिक अमला उपस्थित रहा।

### मोगरा में माताजी का करेंगे दर्शन

**पानसेमल।** जनपद के ग्राम देवधर से 13वें वर्ष की पैदल यात्रा के लिए गुरुवार को निकले। पदयात्रियों का दुर्गा मंदिर परिसर में पूर्व विधायक दीवानसिंह पटेल, नगर परिषद अध्यक्ष शैलेश भंडारकर, जनपद पंचायत अध्यक्ष श्रीमती शीला विनोद वसावे, प्रतिनिधि विनोद वसावे द्वारा दुर्गा मंदिर परिसर में स्वागत किया। संजय महाराज ने बताया कि देवधर से जिला जनपद सदस्य जुलाल वसावे एवं ग्राम के वरिष्ठजनों का आशीर्वाद लेकर यात्रा शुरू की।

### अलग-अलग रूपों में पूजा जाता है

पैदल यात्रा करते हुए वे महाराष्ट्र से होकर गुजरात के देवमोगरा पहुंचते हैं। माताजी को 7 अलग-अलग रूपों में पूजा जाता है। पुजन के लिए हीजारी में लेकर जाने वाले 7 धानों और अन्य सामग्री से पूजा होती है। परिवारों की मांगी हुई मन्नत पूरी होती हैं। आदिवासी समाज की कुलस्वामिनी देव मोगरा माताजी की यात्रा में नियमों का विशेष पालन किया जाता है। महिलाओं व बच्चें भी यात्रा में शामिल हैं। हाथों में ध्वजा और सिर पर माताजी की पुजन सामग्री लेकर श्रद्धालु जयकारों के साथ दुर्गा मंदिर परिसर से रवाना हुए। जनप्रतिनिधियों व पहाड़सिंह ब्राम्हणे, रवि निकुम, दिलीप पवार, दिनेश जाधव व नगरवासियों ने शुभकामनाएं दी है।

**आशीर्वाद लेकर यात्रा शुरू**

- वरिष्ठजनों का आशीर्वाद लेकर यात्रा की शुरू।
- 7 धानों और अन्य सामग्री से होती है पूजा।

## नि :शुल्क नेत्र शिविर 23 को

**बड़वानी।** डीडीपीएम अनिल राठौड़ ने बताया कि सीएमएचओ डॉ सुरेखा जमरे और सिविल सर्जन डॉ मनोज खन्ना के मार्गदर्शन में जिला चिकित्सालय में लायंस क्लब बड़वानी के सहयोग से 23 फरवरी को नि:शुल्क मोतियाबिंद जांच शिविर लगेगा। चयनित मरीजों का नि:शुल्क लैंस प्रत्यारोपण चोईथराम नेत्र चिकित्सालय इंदौर में किया जाएगा। मरीजों को बस से इंदौर भेजा जाएगा। केम्प कोऑर्डिनेटर रविन्द्र टेकाम ने बताया कि मरीज के साथ एक परिजन होने पर ही ऑपरेशन किए जाएंगे। नेत्र मरीज शुगर और ब्लड प्रेशर की दवाई ले रहे हो तो साथ में लेकर आए। महिला मरीज सिर के बाल धोकर आए। शिविर सुबह 10 से दोपहर 1 बजे तक ही रहेगा। नेत्र अस्पताल द्वारा लैंस, चश्मे, दवाइयां इत्यादि नि:शुल्क दिए जाएंगे। लायंस क्लब बड़वानी द्वारा शिविर वाले दिन नि:शुल्क भोजन भी कराया जाएगा। राम जाट, अनिल जोशी, लायन कमलेश शर्मा, सचिन शर्मा, दिपेश पाण्डेय ने शिविर का लाभ उठाने की अपील की है।

# कांग्रेस एवं जयस ने खिलाड़ियों का किया सम्मान



**पानसेमल, ( नवभारत )।** विधानसभा की क्रिकेट टीम ने लगातार दूसरी बार बिरसा मुंडा क्रिकेट प्रीमियम लीग की विजेता टीम के खिलाड़ियों का पुष्पहार पहनाकर स्वागत किया। फायनल मैच में खिलाड़ियों की शानदार जीत के बाद उपस्थितजनों ने सभी को बधाई का पात्र बताया। जनप्रतिनिधियों तथा वरिष्ठजनों ने बताया कि युवाओं ने अपने प्रदर्शन से परिवार एवं क्षेत्र का गौरव बढ़ाया है।

जयस संस्थापक विक्रम अछालिया ने महापुरुषों, क्रांतिकारियों एवं आदिवासी समाज की कुलदेवी देव मोगरा माता का चित्र भेंट कर उज्वल भविष्य की कामना की।

दुर्गा मंदिर परिसर में स्वागत के बाद बस स्टैंड तक चल समारोह भी निकाला गया।

इस दौरान जनपद पंचायत उपाध्यक्ष लालसिंह पवार, जनपद सदस्य मोतीराम सोलंकी, जयस संस्थापक विक्रम अछालिया, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष रवि पाटिल, नगर अध्यक्ष कांग्रेस सुभाषराव शितोले, दिलीपराव शितोले, चंपालाल नावडे, विजय बडगूजर, गोपाल भंडारी, दारासिंह, मयूर परमार, निलेश चौहान, महेश चौहान, जितेंद्र चौधरी, विजय मेहता, जगन अप्पा, सुरेश खलाने सहित कांग्रेस एवं जयस पदाधिकारियों ने बधाई दी है।

# तीन डामरीकरण सड़कों को मिली मंजूरी



**नवभारत न्यूज़**
**बड़वानी, 13 फरवरी.**

पूर्व पशुपालन, डेयरी, सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग के कैबिनेट मंत्री प्रेमसिंह पटेल के प्रयासों से जिले में तीन महत्वपूर्ण डामरीकरण सड़कों के निर्माण को स्वीकृति मिल गई है। मध्यप्रदेश ग्रामीण सड़क विकास प्राधिकरण से जारी पत्र के अनुसार इन मार्गों पर डामरीकरण तथा आवश्यक पुल-पुलिया निर्माण कार्य जल्द कराया जाएगा।

महाप्रबंधक, इकाई बड़वानी द्वारा भेजी गई रिपोर्ट के अनुसार विधानसभा क्षेत्र बड़वानी के तहत विकासखंड पाटी में ग्राम चिचवानिया से देवगढ़ मार्ग का निर्माण पीएमजीएसवाय-1 पैकेज अंतर्गत 7.53 किमी लंबाई में ग्रेवल स्तर तक किया गया था। मार्ग के प्रारंभिक 900 मीटर हिस्से में वन विभाग की अनुमति न मिलने के कारण कार्य अधूरा रह गया था, जिससे यह भाग क्षतिग्रस्त हो गया। अब वन विभाग से 25 जनवरी 2025 को अनुमति मिलने के बाद शेष दो पुलियों को नवीन पुलिया निर्माण के लिए प्रथम प्राथमिकता में शामिल किया गया है। स्वीकृति मिलते ही निर्माण कार्य शुरू किया जाएगा।

### लोगों को आवागमन में सुविधा मिलेगी

इसी तरह ग्राम पिपरकुंड से शिवनी मार्ग का 7.20 किमी लंबाई में ग्रेवल से बीटी स्तर तक उन्नयन कार्य पूर्ण हो चुका है। मार्ग पर स्थित दो क्षतिग्रस्त वीसीडब्ल्यू के स्थान पर नई पुलियों के निर्माण का प्रस्ताव तृतीय प्राथमिकता में मुख्यालय को भेजा गया है। वहीं ग्राम तलून से तलवाड़ा होते हुए ग्राम बिल्वा तक 10.35 किमी लंबी सड़क पीएमजीएसवाय भाग-2 अंतर्गत बनाई गई थी। यह मार्ग राज्य राजमार्ग के बीच होने से यातायात दबाव अधिक है। एटीसीसी सर्वे पूर्ण हो चुका है और स्वीकृति उपरांत आवश्यक सुधार कार्य कराए जाएंगे।

**मजबूरी खत्म**

मंत्री प्रेमसिंह पटेल ने कहा कि इन सड़कों के निर्माण से कई गांवों के लोगों को आवागमन में सुविधा मिलेगी और बरसात के मौसम में क्षतिग्रस्त नालों से जान जोखिम में डालकर गुजरने की मजबूरी खत्म।

## कीटनाशक सेवन प्रकरण : दोषियों पर एफआईआर की मांग को लेकर बलाई महासंघ ने सौंपा ज्ञापन



**पेटलावद।** ग्राम खामडीपाड़ा निवासी राजेश मालवीय द्वारा कथित प्रताड़ना से तंग आकर कीटनाशक सेवन करने के मामले को लेकर अखिल भारतीय बलाई महासंघ, जिला झाबुआ ने गुरुवार को पुलिस थाना पेटलावद पहुंचकर थाना प्रभारी निर्भय सिंह भूरिया को ज्ञापन सौंपा। साथ ही एसडीएम कार्यालय एवं एसडीओपी कार्यालय में भी ज्ञापन प्रस्तुत कर निष्पक्ष जांच एवं दोषियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की मांग की गई। ज्ञापन में बताया गया कि 11 फरवरी 2026 को राजेश मालवीय (पिता नंदलाल मालवीय) ने कथित रूप से लगातार मानसिक एवं सामाजिक प्रताड़ना से आहत होकर कीटनाशक का सेवन कर लिया। गंभीर अवस्था में उन्हें सिविल अस्पताल, पेटलावद में भर्ती कराया गया है, जहां उनका उपचार जारी है। महासंघ ने ज्ञापन में उल्लेख किया है कि घटना से पूर्व राजेश मालवीय द्वारा एक सुसाइड नोट और सोशल मीडिया पर वीडियो जारी किया गया, जिसमें उन्होंने आरोप लगाया कि 'मेरी जिंदगी अच्छी चल रही थी, लेकिन आशुतोष पंचोली व उसके रिश्तेदार तत्कालीन थाना प्रभारी दिनेश शर्मा ने मुझे बर्बाद कर दिया।' वीडियो में उन्होंने पंचोली बस के मालिक पर लगातार मानसिक प्रताड़ना का आरोप लगाया है। ज्ञापन के अनुसार लगभग छह माह पूर्व दो बस चालकों के बीच हुए विवाद में राजेश मालवीय एवं उनके साथियों पर प्रकरण दर्ज किया गया था। आरोप है कि मामले में अन्य जिम्मेदार व्यक्तियों के विरुद्ध कार्रवाई नहीं की गई। साथ ही यह भी आरोप लगाया गया कि प्रारंभ में धारा 151 के तहत छोड़ने के बाद ?50 हजार की मांग की गई और बाद में गंभीर धाराओं में मामला दर्ज कर जेल भेज दिया गया। महासंघ ने यह भी बताया कि राजेश मालवीय पंचोली बस में कंडक्टर के रूप में कार्यरत थे, जहां से उन्हें हटा दिया गया। बाद में दूसरी बस में काम शुरू करने पर भी कथित रूप से काम नहीं करने दिया गया, जिससे उनकी आजीविका छिन गई और वे मानसिक रूप से टूट गए। सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो में राजेश मालवीय ने कथित रूप से कहा है कि यदि उनके साथ कोई अनहोनी होती है तो उसके लिए संबंधित बस मालिक एवं अन्य जिम्मेदार व्यक्तियों पर कार्रवाई की जाए। अखिल भारतीय बलाई महासंघ ने मांग की है कि संबंधित आरोपियों के विरुद्ध तत्काल एफआईआर दर्ज की जाए, पूरे प्रकरण की उच्चस्तरीय एवं निष्पक्ष जांच कराई जाए, पीड़ित परिवार को सुरक्षा प्रदान की जाए तथा दोषी पाए जाने वालों पर सख्त वैधानिक कार्रवाई की जाए। प्रशासन से इस संवेदनशील मामले में त्वरित और पारदर्शी कार्रवाई की अपेक्षा जताई गई है। साथ ही समाज जन ने अखिल भारतीय बलाई महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष मनोज जी परमार को दूरभाष पर इस विषय को लेकर अवगत करवाया गया ।

# मॉडल स्कूल के रूप में विकसित हो अहिल्याश्रम विद्यालय



**इंदौर. पोलोग्राउंड स्थित शासकीय सांदीपनि अहिल्याश्रम कन्या उ.मा. विद्यालय में भारतीय राजनयिक एवं संयुक्त राष्ट्र की पूर्व सहायक महासचिव लक्ष्मीपुरी पहुँची. उन्होंने विद्यालय के विकास कार्यों में योगदान देने की मंशा व्यक्त की और परिसर का अवलोकन किया. साथ में स्कूल प्रिंसिपल ओर अन्य अधिकारी मौजूद रहे.**

इस अवसर पर श्रीमती पुरी ने भावुक होते हुए बताया कि उनकी माताजी मालती देसाई एवं मौसी कमलिनी देसाई ने इसी संस्थान से शिक्षा प्राप्त की थी. वे अक्सर यहां की शिक्षा, संस्कार और प्रेरणादायी वातावरण की चर्चा करती थीं. श्रीमती पुरी ने कहा कि इस संस्थान से मिली प्रेरणा उनके परिवार के लिए जीवनभर की पूंजी रही है. वे सांदीपनि अहिल्याश्रम में अधोसंरचना एवं शैक्षणिक सुविधाओं के उन्नयन हेतु सहयोग देने आई हैं. उनका उद्देश्य है कि विद्यालय में आधुनिक संसाधनों का विस्तार हो, ताकि यह संस्थान एक मॉडल स्कूल के रूप में विकसित हो सके. उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि प्रशासन एवं समाज के सहयोग से विकास कार्यों को सफलतापूर्वक पूर्ण किया जा सकेगा. उल्लेखनीय है कि इंदौर की यह संस्थान हमेशा से ही महिला शिक्षा और सशक्तिकरण की गौरवशाली परंपरा का प्रतीक रही है तथा नई पीढ़ी को भी शिक्षा और संस्कार प्रदान कर रहा है.


# कार्यालय नगर पालिक निगम, इन्दौर

**ड्रेनेज विभाग**

विज्ञप्ति क्रमांक: 87 — **निविदा सूचना** — दिनांक: 06.02.2026

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाईन निविदाएं आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट https://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| ग्रुप क्र. | 1. टेंडर क्र. 2. जारी दिनांक | कार्य का नाम | 1. कार्य की समयावधि 2. लागत | 1. निविदा प्रपत्र का मूल्य 2. ई.एम.डी. | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 01 | 2026_UAD_480884 06-02-2026 | झोन क्र. 10 वार्ड क्र. 42 के अंतर्गत शंकर नगर (कोमल बकरी वाली गली) में पुरानी एवं जर्जर ड्रेनेज के स्थान पर नवीन ड्रेनेज लाइन डालना | 3 माह ₹5,75,929/- | ₹2,000/- ₹5,800/- | 23-02-2026 (शाम 06:00 बजे तक) 24-02-2026 |
| 02 | 2026_UAD_480885 06-02-2026 | झोन क्र. 10 वार्ड क्र. 43 के अंतर्गत न्यू पलासिया में पुरानी क्षतिग्रस्त सीवर लाईन के स्थान पर नवीन सीवर लाईन डालना। | 3 माह ₹9,79,667/- | ₹2,000/- ₹9,800/- | 23-02-2026 (शाम 06:00 बजे तक) 24-02-2026 |
| 03 | 2026_UAD_480887 06-02-2026 | झोन क्र. 21 वार्ड क्र. 80 के अंतर्गत आने वाले वीर सावरकर नगर व अन्य स्थानों पर क्षतिग्रस्त आर.सी.सी. पाईप बदलना व चेम्बर रिपेयर करना। | 4 माह ₹12,39,033/- | ₹2,000/- ₹9,300/- | 09-03-2026 (शाम 06:00 बजे तक) 10-03-2026 |
| 04 | 2026_UAD_480888 06-02-2026 | झोन क्र. 04 वार्ड क्र. 12 के अंतर्गत स्थित गोविंद कॉलोनी में शुभम मिश्रा के मकान नं. 211 के पीछे शांति किराना के पीछे वाली बैकलेन में ड्रेनेज लाइन डालना। | 4 माह ₹12,50,959/- | ₹2,000/- ₹9,400/- | 09-03-2026 (शाम 06:00 बजे तक) 10-03-2026 |
| 05 | 2026_UAD_480889 06-02-2026 | झोन क्र. 01 वार्ड क्र. 16 के अंतर्गत छोटा बांगड़दा में हनुमान मंदिर के सामने व फूलसिंह के मकान के पीछे ड्रेनेज लाइन डालना। | 4 माह ₹17,79,742/- | ₹2,000/- ₹13,400/- | 09-03-2026 (शाम 06:00 बजे तक) 10-03-2026 |
| 06 | 2026_UAD_480890 06-02-2026 | झोन क्र. 02 वार्ड क्र. 68 में स्थित सिलावटपुरा सेवालय अस्पताल के सामने एवं कागदीपुरा में सी.एम. हेल्प लाईन, गंदे पानी की शिकायतों के निराकरण हेतु नई सीवर लाईन डालने बाबद। | 4 माह ₹17,91,110/- | ₹2,000/- ₹13,500/- | 09-03-2026 (शाम 06:00 बजे तक) 10-03-2026 |
| 07 | 2026_UAD_480892 06-02-2026 | झोन क्र. 4 वार्ड क्र. 13 के अंतर्गत अहिल्या वन के कोने से डी 254 स्कीम नं. 51 रायजी के मकान तक ड्रेनेज लाइन डालना। | 6 माह ₹21,28,353/- | ₹5,000/- ₹16,000/- | 09-03-2026 (शाम 06:00 बजे तक) 10-03-2026 |
| 08 | 2026_UAD_480894 06-02-2026 | झोन क्र. 19 वार्ड क्र. 41 के अंतर्गत संजीवनी नगर 09 से गणराज नगर 52/9, गणनायक नगर मकान न. 01 से 09 तक, सोनिया पैलेस मकान नंबर 14 से 29 तक क्षतिग्रस्त ड्रेनेज लाइन की जगह नई ड्रेनेज लाइन डालना। | 6 माह ₹23,50,638/- | ₹5,000/- ₹17,700/- | 09-03-2026 (शाम 06:00 बजे तक) 10-03-2026 |
| 09 | 2026_UAD_480894 06-02-2026 | झोन क्र. 02 वार्ड क्र. 67 के अंतर्गत स्थित जयरामपुर कॉलोनी गली न. 01, 02, 03 एवं निरंकारी चाट सेंटर की गली मे नवीन सीवर लाईन डालना। | 6 माह ₹23,98,781/- | ₹5,000/- ₹18,000/- | 09-03-2026 (शाम 06:00 बजे तक) 10-03-2026 |
| 10 | 2026_UAD_480895 06-02-2026 | झोन क्र. 02 वार्ड क्र. 67 में स्थित छत्रीबाग मेन रोड पर सत्यनारायण मंदिर के सामने एवं आडी गली में नई ड्रेनेज लाईन डालने बाबद। | 6 माह ₹24,94,459/- | ₹5,000/- ₹18,800/- | 09-03-2026 (शाम 06:00 बजे तक) 10-03-2026 |
| 11 | 2026_UAD_480896 06-02-2026 | झोन क्र. 16 वार्ड क्र. 15 के अंतर्गत बद्रीधाम कॉलोनी, टिगरिया बादशाह में मुख्य सडक व गली न. 01, 02, 03, 04, 05, 06, 07 में छोटी -छोटी गलीयों में ड्रेनेज लाईन डालना। | 6 माह ₹26,39,386/- | ₹5,000/- ₹19,800/- | 09-03-2026 (शाम 06:00 बजे तक) 10-03-2026 |
| 12 | 2026_UAD_480897 06-02-2026 | झोन क्र. 07 वार्ड क्र. 29 के अंतर्गत स्कीम नंबर 54, स्कीम नंबर 74 एवं विजयनगर एक्सटेंशन में क्षतिग्रस्त चेंबर एवं ड्रेनेज लाइन डालकर संधारण कार्य करना। | 6 माह ₹27,13,252/- | ₹5,000/- ₹20,400/- | 09-03-2026 (शाम 06:00 बजे तक) 10-03-2026 |
| 13 | 2026_UAD_480898 06-02-2026 | झोन क्र. 18 वार्ड क्र. 64 के अंतर्गत पवनपुरी, दुर्गा नगर, देव नगर में ड्रेनेज लाईन को प्रायमरी लाईन से जोडना। | 6 माह ₹28,56,143/- | ₹5,000/- ₹21,500/- | 09-03-2026 (शाम 06:00 बजे तक) 10-03-2026 |
| 14 | 2026_UAD_480899 06-02-2026 | झोन क्र. 15 वार्ड क्र. 83 के अंतर्गत स्थित स्कीम न. 71 सेक्टर-डी में नवीन ड्रेनेज लाईन डालना। | 6 माह ₹29,13,666/- | ₹5,000/- ₹21,900/- | 09-03-2026 (शाम 06:00 बजे तक) 10-03-2026 |
| 15 | 2026_UAD_480900 06-02-2026 | झोन क्र. 09 वार्ड क्र. 44 के अंतर्गत प्रकाश चंद्र सेठी नगर की आड़ी पट्टी में क्षतिग्रस्त ड्रेनेज लाइन के स्थान पर नवीन ड्रेनेज लाइन डालना। | 6 माह ₹31,76,297/- | ₹5,000/- ₹23,900/- | 09-03-2026 (शाम 06:00 बजे तक) 10-03-2026 |
| 16 | 2026_UAD_480901 06-02-2026 | झोन क्र. 07 वार्ड क्र. 33 के अंतर्गत लाहिया कॉलोनी 80 फीट रोड महाकाल किराना वाली गली, तिवारी जी वाली गली, आराधना चतुरकर वाली गली एवं मनोज मौर्य व आंगनवाड़ी वाली गली, 05 गलियों की क्षतिग्रस्त ड्रेनेज लाइन के स्थान पर नई ड्रेनेज लाइन डालना। | 6 माह ₹32,94,537/- | ₹5,000/- ₹24,800/- | 09-03-2026 (शाम 06:00 बजे तक) 10-03-2026 |
| 17 | 2026_UAD_480902 06-02-2026 | झोन क्र. 02 वार्ड क्र. 70 के अंतर्गत आदर्श इंद्रिरा नगर में नई ड्रेनेज लाइन डालने बाबद। | 6 माह ₹42,71,175/- | ₹5,000/- ₹32,100/- | 09-03-2026 (शाम 06:00 बजे तक) 10-03-2026 |
| 18 | 2026_UAD_480903 06-02-2026 | झोन क्र. 21 वार्ड क्र. 79 के अंतर्गत निहालपुरा मुण्डी सरकारी स्कूल के पीछे केट रोड मुख्य मार्ग पानी की टंकी से मल्टी के कोने तक ड्रेनेज लाईन डालना। | 6 माह ₹43,34,444/- | ₹5,000/- ₹32,600/- | 09-03-2026 (शाम 06:00 बजे तक) 10-03-2026 |
| 19 | 2026_UAD_480904 06-02-2026 | झोन क्र. 13 वार्ड क्र. 74 के अंतर्गत 315/2 पिपल्याराव से केलु के ढाबा रिंग रोड तक एवं आंतरिक गलियों में क्षतिग्रस्त ड्रेनेज लाईन के स्थान पर नवीन ड्रेनेज लाईन डालने बाबद। | 6 माह ₹47,70,769/- | ₹5,000/- ₹35,800/- | 09-03-2026 (शाम 06:00 बजे तक) 10-03-2026 |
| 20 | 2026_UAD_480905 06-02-2026 | झोन क्र. 03 वार्ड क्र. 56 के अंतर्गत ऊषा फाटक में क्षतिग्रस्त ड्रेनेज लाइन के स्थान पर नई ड्रेनेज लाइन डालना। | 6 माह ₹47,98,899/- | ₹5,000/- ₹36,000/- | 09-03-2026 (शाम 06:00 बजे तक) 10-03-2026 |
| 21 | 2026_UAD_480906 06-02-2026 | झोन क्र. 18 वार्ड क्र. 63 के अंतर्गत श्यामाचरण शुक्ल नगर में क्षतिग्रस्त ड्रेनेज लाईन के स्थान पर नवीन ड्रेनेज लाईन डालकर मेन लाईन से जोडना। | 8 माह ₹59,50,046/- | ₹10,000/- ₹44,700/- | 09-03-2026 (शाम 06:00 बजे तक) 10-03-2026 |
| 22 | 2026_UAD_480907 06-02-2026 | झोन. क्र. 17 वार्ड क्र. 18 में स्थित भवानी नगर में माता मंदिर के पास घोड़ी वाली गली से भाऊ सा. वाली गली ज्ञान गंगा स्कूल के सामने वाली गली एवं 05 नंबर डीपी से भारत जी के मकान (औद्योगिक प्रगति पार्क की बाउंड्री) तक ध्वस्त सीवर लाइन के स्थान पर नई सीवर लाइन डालने बाबद। | 8 माह ₹72,87,032/- | ₹10,000/- ₹54,700/- | 09-03-2026 (शाम 06:00 बजे तक) 10-03-2026 |
| 23 | 2026_UAD_480908 06-02-2026 | झोन क्र. 02 वार्ड क्र. 69 में कैला माता मंदिर से बियाबानी चौराहे तक नई ड्रेनेज लाईन का कार्य करने हेतु। | 8 माह ₹74,11,828/- | ₹10,000/- ₹55,600/- | 09-03-2026 (शाम 06:00 बजे तक) 10-03-2026 |
| 24 | 2026_UAD_480909 06-02-2026 | झोन क्र. 01 वार्ड क्र. 16 में नंदबाग कालोनी ई सेक्टर गोंदी वाले बगीचे से रणजीत आनंद धाम गली नं 19 के पास एवं अन्य स्थानों पर ड्रेनेज लाईन डालना। | 12 माह ₹1,32,35,079/- | ₹12,500/- ₹66,200/- | 09-03-2026 (शाम 06:00 बजे तक) 10-03-2026 |
| 25 | 2026_UAD_480910 06-02-2026 | झोन क्र. 03 वार्ड क्र. 57 के अतर्गत गंदे पानी के निवारणर्थ जिला कोर्ट परिसर के पास से सिख मोहल्ला, मेवाती मोहल्ला, लोधी मोहल्ला एवं इन स्थानों से लगी बस्तियों/कॉलोनीयों की पुरानी क्षतिग्रस्त सीवर लाईन के स्थान पर नवीन ड्रेनेज लाईन डालना। | 12 माह ₹1,98,66,921/- | ₹12,500/- ₹99,400/- | 09-03-2026 (शाम 06:00 बजे तक) 10-03-2026 |

**नोट:- निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन https://mptenders.gov.in की वेबसाईट पर ही किया जायेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जायेगा।**

**कार्यपालन यंत्री**
**ड्रेनेज विभाग**
**नगर पालिक निगम, इन्दौर**